UNIVERSITY NEWS 27 NOVEMBER 2026

HINDUSTAN

एलयू की चुनौती सेमीफाइनल में थमी

लखनऊ। नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय ने सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को कड़ी चुनौती दी, लेकिन टीम खिताबी मुकाबले में जगह बनाने से चूक गई। एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने पांच विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

संविधान लोकतंत्र का अधिकार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधिक सहायता केंद्र एवं प्रो बोनो क्लब की ओर से आयोजित व्याख्यान में राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने संविधान को लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों का आधार बताया। उन्होंने संवैधानिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी मौजूद रहे।

एलयू में एमए-एमएससी की परीक्षाएं 12 व 21 को

लखनऊ विवि के सांख्यिकी विभाग में एमए,एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षाएं दिसंबर में आयोजित होंगी। तृतीय सेमेस्टर की सांख्यिकी एवं बायोस्टैटिस्टिक्स की परीक्षा 12 दिसंबर को, प्रथम सेमेस्टर की सांख्यिकी प्रैक्टिकल परीक्षा 21 दिसंबर को होगी।

एलयू में स्मार्ट क्लास, कौशल पर जोर

लखनऊ,प्रमुख संवाददाता। विश्वविद्यालयों में आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं का विकास न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने बल्कि युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित मंथन सभागार में 10 राज्य विश्वविद्यालयों की राज्य समीक्षा बैठक की गई। बैठक में स्मार्ट कक्षाओं, आधुनिक प्रयोगशालाओं, डिजिटल शिक्षण उपकरणों और शोध सुविधाओं के माध्यम से उच्च शिक्षा में आ रहे

राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

लखनऊ विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के सहयोग से 'भारतीय ज्ञान प्रणाली और बहुभाषिकता : साहित्य एवं अंतर्पाठीयता' विषय पर आठ दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना तथा विद्यार्थियों के लिए भाषा, साहित्य और शोध की नई दिशाएं विकसित करना है।

बदलावों की समीक्षा की गई। रोजगारपरक एवं कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में योजना के योगदान का आकलन किया गया। एलयू के पीएम-उषा संयोजक प्रो. अनूप कुमार भारतीय की अध्यक्षता में बैठक में शिक्षा मंत्रालय, अनुभाग अधिकारी अमित सिंह, वरिष्ठ परामर्शदाता अनन्या पटनायक तथा अन्य जिम्मेदार मौजूद रहे।

DAINIK JAGRAN

लविवि का फाइनल में पहुंचने का सपना टूटा, हिमाचल से हारी टीम

लखनऊ : नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने पांच विकेट से हरा दिया। लविवि की ओर से आदि आदेश शुक्ला के अर्धशतक के बावजूद टीम हार गई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को आठ विकेट से हरा फाइनल में जगह बनाई।

लविवि के परांजपे क्रिकेट मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने निर्धारित 30 ओवर में सात विकेट पर 167 रन बनाए। आदि आदेश शुक्ला ने 70 गेंदों पर 55 रन की पारी खेली। अर्पित साहू ने 32 और आयुष सिंह ने नाबाद 21 रन बनाए। हिमाचल की ओर से रोहित ठाकुर, राजीव और अरशद धीमान ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल की टीम ने 25.5 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। आर्यवर्त शर्मा ने 62 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए। वहीं, आरएसजी क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे सेमीफाइनल में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की टीम 20.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। जवाब में दिल्ली विश्वविद्यालय ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बना आठ विकेट से जीत दर्ज की। (वि.)

परीक्षाओं की तिथियां घोषित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग ने एमए व एमएससी सेमेस्टर प्रथम व तृतीय की प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। सेमेस्टर तृतीय की सांख्यिकी एवं बायोस्टैटिस्टिक्स की परीक्षा 12 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक व प्रथम सेमेस्टर की सांख्यिकी प्रायोगिक परीक्षा 21 को 11 से दोपहर दो बजे तक होगी। (वि.)

DAINIK JAGRAN

एमएससी न्यूट्रिशन प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं नौ से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के ललित कला, विज्ञान और कला संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं दिसंबर में आयोजित की जाएंगी। ललित कला संकाय के बीवीए फाइन आर्ट, सीए, स्कल्पचर और बीएफए टेक्सटाइल डिजाइन चतुर्थ वर्ष (सातवें सेमेस्टर) की परीक्षाएं 17 से 22 दिसंबर तक होंगी। तृतीय वर्ष (पांचवें सेमेस्टर) की परीक्षाएं 19 से 21 दिसंबर, द्वितीय वर्ष (तीसरे सेमेस्टर) की 16 से 18 दिसंबर तक और प्रथम वर्ष (पहले सेमेस्टर) की 17 से 19 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। वहीं, एमवीए फाइन आर्ट, सीए और स्कल्पचर द्वितीय वर्ष (तीसरे सेमेस्टर) की परीक्षाएं 19 से 21 दिसंबर तक और प्रथम वर्ष (पहले सेमेस्टर) की परीक्षाएं 15 से 22 दिसंबर तक होंगी। विज्ञान संकाय में एमएससी न्यूट्रिशन प्रथम सेमेस्टर (न्यू और ओल्ड कोर्स) की परीक्षाएं नौ से 17 दिसंबर तक होंगी। तृतीय सेमेस्टर (न्यू और ओल्ड कोर्स) की परीक्षाएं 10 से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। वि.

AMRIT VICHAR

बहुभाषिकता पर कार्यशाला प्रारंभ

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र, हूजीसी-एमएमटीटीसी) और अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के तत्वावधान में एलईपी ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 'इंडियन नॉलेज सिस्टम्स एंड मल्टीडिसिप्लिनरी : लिटरेचर एंड इंटरटेक्स्चुअलिटी' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन यूजीसी-एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. दिनेश कुमार ने किया। उद्घाटन सत्र में प्रो. दिनेश कुमार ने केंद्र के विजन और मिशन पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष प्रो. नाजनीन खान, प्रो. हरि नारायण प्रसाद और डॉ. परिधि किशोर ने स्पीकरों का साझा की।

एमए व एमएससी सांख्यिकी के प्रैक्टिकल 21 को

लखनऊ, अमृत विचार : लविवि के सांख्यिकी विभाग द्वारा एमए और एमएससी (प्रथम सेमेस्टर) के विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षा आगामी 21 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शशि भूषण द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, एमए और एमएससी प्रथम सेमेस्टर की सांख्यिकी (स्टैटिस्टिक्स) की प्रयोगात्मक परीक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग में ही संपन्न होगी।

DAINIK JAGRAN

'संविधान की भावना को आत्मसात करें युवा'

बीबीएयू में संविधान दिवस पर निकली जागरुकता रैली, जुबिली में हुआ प्रस्तावना पाठ

जासं • लखनऊ : संविधान दिवस पर गुरुवार को शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं जागरुकता रैली निकालकर संवैधानिक आदर्शों की रक्षा का संकल्प लिया गया तो कहीं संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ हुआ।

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से विधिक सहायता केंद्र एवं प्रो बोनो क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'संवैधानिक मूल्य एवं बदलते भारत' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। न्यायमूर्ति डा. एएस आनंद मूट कोर्ट हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य डा. राधा मोहन दास अग्रवाल ने संविधान की भावना, लोकतांत्रिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की प्रासंगिकता पर विचार रखे। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के विधि विभाग की ओर से संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुकता के लिए रैली निकाली गई। चंद्रभानु गुप्ता ला कालेज में मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश एसयू खान ने कहा कि संविधान की मूल भावना को समझना और उसका पालन करना जरूरी है। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संकाय में 'निष्पक्षता व न्याय पर आधारित संवैधानिकता और बहुसंख्यकवादी लोकतंत्र के बीच संघर्ष' विषय पर संगोष्ठी हुई। एकेटीयू में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई। मध्यांचल मुख्यालय में प्रबंध निदेशक संदीप भागिया ने भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राजकीय जुबिली इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 'एक स्वर-एक संविधान' कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मलखान सिंह ने कहा कि संविधान के मूल्यों की जानकारी हर नागरिक के लिए जरूरी है।



मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डा. राधा मोहन दास अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट करते कुलपति जेपी सैनी • सौ. लविवि

राज्यसभा सदस्य डा. राधा मोहन दास अग्रवाल ने संविधान की भावना व लोकतांत्रिक व्यवस्था पर रखे विचार

एमिटी ला स्कूल में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ

लखनऊ: एमिटी विश्वविद्यालय परिसर स्थित एमिटी ला स्कूल में गुरुवार को संविधान दिवस मनाया गया। एमिटी लीगल एड क्लिनिक के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया। इस दौरान न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का आयोजन प्रो वाइस चांसलर प्रो. अनिल वशिष्ठ और निदेशक प्रो. तपन कुमार चंदोला के नेतृत्व में हुआ। समन्वय डा. रेशमा उमैर व डा. राजीव सिंह ने किया। (वि.)

संविधान के मूल्यों का आचरण में उतारने का आह्वान

लखनऊ: केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कहा कि संविधान केवल शासन संचालन का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक चेतना, सामाजिक समरसता व नागरिक दायित्वों का आधार है। मुख्य वक्ता प्रो. पवन कुमार ने संविधान को संपूर्ण व्यवस्था का आधार बताते हुए कहा कि संविधान व्यक्ति की गरिमा व राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करता है। (वि.)

संविधान के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प, विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

लखनऊ : नेशनल पीजी कालेज में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। करीब 200 विद्यार्थियों ने संविधान विषयक क्विज में प्रतिभाग किया। आयोजन प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह व राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष सुरेंद्र मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में हुआ। प्राचार्य प्रो. सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की आधारशिला है। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अर्चना सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप आदर्शों एवं मूल्यों के पालन की शपथ दिलाई। (वि.)

AMRIT VICHAR

पत्रकारिता, न्यूट्रिशन और फाइन आर्ट्स की परीक्षा आठ दिसंबर से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

• लविविने जारी किया विषम सेमेस्टर परीक्षा का कार्यक्रम

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने सत्र 2026 की विषम सेमेस्टर (ऑड सेमेस्टर) परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी सूचना के अनुसार कला संकाय विज्ञान संकाय और ललित कला संकाय (फाइन आर्ट्स) के विभिन्न स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं आठ दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक चलेंगी।

छात्र विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर देख सकते हैं। ललित कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ. रतन कुमार और परीक्षा नियंत्रक से जारी कार्यक्रम के मुताबिक बीवीए (फाइन आर्ट, कमर्शियल आर्ट, स्कल्पचर, टेक्सटाइल डिजाइन), बीएफए और एमवीए के विभिन्न सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे की पाली में आयोजित की जाएंगी।

वहीं, कला संकाय के अंतर्गत बीए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) प्रथम और तृतीय सेमेस्टर (नया एवं पुराना पाठ्यक्रम) की परीक्षाएं नौ दिसंबर से 18 दिसंबर तक सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक चलेंगी।

परीक्षा कार्यक्रम

- बीए (पत्रकारिता एवं जनसंचार) प्रथम सेमेस्टर : 8 दिसंबर से 21 दिसंबर तक।
- एमएससी (न्यूट्रिशन) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर : 9 दिसंबर से 18 दिसंबर तक।
- एमवीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर : 15 दिसंबर से 22 दिसंबर तक।
- बीवीए तृतीय सेमेस्टर : 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक।
- बीवीए प्रथम सेमेस्टर : 17 दिसंबर से 19 दिसंबर तक।
- बीवीए एवं बीएफए सप्तम सेमेस्टर : 17 दिसंबर से 22 दिसंबर तक।
- बीवीए एवं बीएफए पंचम सेमेस्टर : 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक।

HINDUSTAN

एलयू की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विभिन्न संकायों और पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं दिसंबर में आयोजित की जाएंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 से 21 दिसंबर तक होंगी। वहीं, एमएससी न्यूट्रिशन की परीक्षाएं 9 से 18 दिसंबर और ललित कला संकाय की परीक्षाएं 15 से 22 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में 8 दिसंबर को हिस्ट्री ऑफ मीडिया, 10 दिसंबर को इंट्रोडक्शन टू जर्नलिज्म, 12 दिसंबर

बीएफए और एमवीए की परीक्षाएं 15 से होंगी

ललित कला संकाय के अंतर्गत बीवीए, बीएफए और एमवीए के विभिन्न वर्षों एवं सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 22 दिसंबर के बीच आयोजित की जाएंगी। इनमें फाइन आर्ट, एप्लाइड आर्ट, स्कल्पचर और टेक्सटाइल डिजाइन के पाठ्यक्रम शामिल हैं। विद्यार्थी विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

को रोल ऑफ सोशल साइंसेज इन मास कम्युनिकेशन, 16 दिसंबर को को-करिकुलर, 18 दिसंबर को मैसेज एंड मास मीडिया, 21 दिसंबर को फीचर एंड क्रिएटिव राइटिंग का पेपर होगा।

AMAR UJALA

लखनऊ यूनिवर्सिटी का सफर थमा

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में हिमाचल ने पांच विकेट से हराया

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय का सफर थम गया। टीम को सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने पांच विकेट से हराते हुए खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को आठ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया।

लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ विवि की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में सात विकेट पर 167 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 70 गेंदों पर 55 रन बनाए। अर्पित साहू ने 34 गेंदों पर 32 रन बनाए जबकि आयुष सिंह 21 रन बनाकर नाबाद रहे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से रोहित ठाकुर, राजीव और अरशद धीमान ने दो-दो विकेट लिए।

जवाब में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने 25.5 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। आर्यवर्त शर्मा ने 62 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए जबकि सुकृत शर्मा ने 27 और ध्रुव सिंह ने 22 रन का योगदान दिया।

आरएसजी क्रिकेट स्टेडियम, अलीगंज में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की टीम 20.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। अभिषेक सिंह ने सर्वाधिक 32 रन बनाए।

दिल्ली विश्वविद्यालय की ओर से उधव मोहन, शुभम दुबे, मनन भारद्वाज, शैनक और सुमित चिकारा ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाकर जीत दर्ज की। सुमित चिकारा ने 49 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 50 रन बनाए। वहीं अश्विनी जे तिल्लार ने केवल 16 गेंदों पर छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रन की तेजतर्रार पारी खेली।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की ओर से अरमान वाधवा और चिराग सिंह ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर सेमीफाइनल मुकाबलों का शुभारंभ किया। मौके पर लविवि के कुलपति जय प्रकाश सैनी, चीफ प्राक्टर राकेश द्विवेदी, आयोजन सचिव प्रोफेसर अजय कुमार आर्य समेत अन्य मौजूद रहे।



लखनऊ विवि में खिलाड़ियों के साथ राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन अग्रवाल। - अमरउजाला

AMAR UJALA

लविवि : एक और परीक्षा कार्यक्रम जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 की विषम सेमेस्टर की कुछ और परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया है। बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 से 21 दिसंबर तक होंगी। वहीं, एमएससी न्यूट्रिशन की परीक्षाएं 9 से 18 दिसंबर और ललित कला संकाय की परीक्षाएं 15 से 22 दिसंबर तक चलेंगी।

बीए पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं में आठ दिसंबर को हिस्ट्री ऑफ मीडिया, 10 दिसंबर को इंट्रोडक्शन टू जर्नलिज्म, 12 दिसंबर को रोल ऑफ सोशल साइंसेज इन मास कम्युनिकेशन, 16 दिसंबर को को-करिकुलर कोर्स, 18 दिसंबर को मैसेज एंड मास मीडिया ऑडियंस और 21 दिसंबर को फीचर एंड क्रिएटिव राइटिंग का पेपर होगा। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट lkouniv.ac.in पर है।



प्रायोगिक परीक्षाएं 12 और 21 दिसंबर को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग ने एमए/एमएससी के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विभागाध्यक्ष प्रो. शशि भूषण की ओर से जारी सूचना के अनुसार, तृतीय सेमेस्टर की सांख्यिकी एवं जैव सांख्यिकी की प्रायोगिक परीक्षा 12 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक होगी। वहीं, प्रथम सेमेस्टर की सांख्यिकी विषय की प्रायोगिक परीक्षा 21 दिसंबर को सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाएं विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग में होंगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMAR UJALA

विश्वविद्यालयों को 15 माह में पूरे करने होंगे सभी कार्य

पीएम-ऊषा के तहत कामकाज की हुई समीक्षा, लविवि के परिसरों का किया निरीक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-ऊषा) के तहत उत्तर प्रदेश के 10 राज्य विश्वविद्यालयों में चल रहे विकास कार्यों और उनके शैक्षणिक प्रभाव की बृहस्पतिवार को लखनऊ विवि में समीक्षा की गई। प्रशासनिक भवन के मंथन हॉल में राज्यस्तरीय बैठक हुई। इसमें शिक्षा मंत्रालय और शासन के अधिकारियों ने विश्वविद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विकास, आधुनिक प्रयोगशालाओं, स्मार्ट क्लासरूम और उपकरणों की उपलब्धता की प्रगति परखी।

अधिकारियों ने पीएम-ऊषा के तहत 31 मार्च 2028 तक और राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) के तहत स्वीकृत सभी कार्य 31 मार्च 2027 तक पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश के 10 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और पीएम-ऊषा संयोजक शामिल हुए। अधिकारियों ने संबंधित भवनों और प्रयोगशालाओं पर पीएम-ऊषा की ब्रांडिंग सुनिश्चित करने को कहा।

समीक्षा के दौरान यह देखा गया कि योजना के तहत विकसित सुविधाओं से विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता, कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा को कितना लाभ मिला है। शिक्षकों, विद्यार्थियों और व्यापक समुदाय पर इन सुविधाओं के प्रभाव का भी आकलन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के पीएम-उषा संयोजक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने की।



- बैठक में अधिकारियों ने स्मार्ट क्लासरूम, ई-बोर्ड और अन्य डिजिटल उपकरणों के इस्तेमाल से कक्षाओं में पढ़ाई और शिक्षण पद्धति पर पड़े प्रभाव की जानकारी ली। आधुनिक प्रयोगशालाओं और शोध सुविधाओं के अकादमिक गुणवत्ता की भी समीक्षा की।
- पीएम-उषा के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय को 100 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है। फरवरी 2024 में इसकी घोषणा हुई थी। इसके सापेक्ष अब तक मिले करीब 15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। बैठक के बाद शिक्षा मंत्रालय और उत्तर प्रदेश शासन के अधिकारियों की टीम ने लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में पीएम-उषा के तहत कराए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन किया। इसमें भवनों के नवीनीकरण, नए निर्माण और प्रयोगशालाओं के लिए खरीदे गए उपकरणों की गुणवत्ता और प्रगति देखी गई।

DAINIK JAGRAN

पीएम-उषा के कार्यों से बदलेगी उच्च शिक्षा की तस्वीर

जासं • लखनऊ : उच्च शिक्षा में आधुनिक सुविधाओं के विकास व गुणवत्ता सुधार के लिए संचालित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हाल में हुई। पीएम-उषा संयोजक प्रो. अनूप कुमार भारतीय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षा मंत्रालय के साथ 10 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और योजना संयोजकों ने हिस्सा लिया।

शिक्षा मंत्रालय के सेक्शन आफिसर अमित सिंह, सीनियर कंसल्टेंट अनन्या पटनायक व उच्च शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर पीयूष चंद्र मिश्रा ने योजना के तहत हुए कार्यों की समीक्षा की। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय, भाषा विश्वविद्यालय, हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय गौतमबुद्ध नगर (नोएडा), बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी व डा. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा शामिल रहे। अध्यक्षता लविवि के प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने की।

UNIVERSITY NEWS 27 NOVEMBER 2026

I NEXT

PICS: DAINIK JAGRAN-INEXT



NBT

'लोकतंत्र का आधार'

■ **NBT न्यूज, लखनऊ :** संविधान दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय के विधिक सहायता केंद्र एवं प्रो बोनो क्लब की ओर से 'संवैधानिक मूल्य एवं बदलते भारत' विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि संविधान लोकतंत्र का आधार है।

AAJ

हिमाचल व दिल्ली विश्वविद्यालय में होगी खिताबी भिड़ंत

नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट, एलयू की चुनौती सेमीफाइनल में थमी

आज खेल समाचार सेवा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ जोन पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत आज विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक प्रांगण में खेले जा रहे सेमीफाइनल मुकाबले का उद्घाटन मुख्य अतिथि राधा मोहन दास अग्रवाल ने किया। टूर्नामेंट के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी प्रोफेसर अजय कुमार आर्य ने मुख्य अतिथि राधा मोहन दास अग्रवाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश सैनी ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया। एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने पांच विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। एलयू की ओर से सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने शानदार अर्धशतक लगाया, लेकिन उनकी यह पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। दूसरे



सेमीफाइनल में दिल्ली विश्वविद्यालय ने सुमित चिकारा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को आठ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया।एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में सात विकेट पर 167 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी करते हुए 70 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अर्पित साहू ने 34 गेंदों पर 32 रन बनाए, जबकि आयुष सिंह 21 रन बनाकर नाबाद रहे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से रोहित ठाकुर, राजीव और अरशद धीमान ने दो-दो विकेट हासिल किए। जवाब में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने 25.5 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। ध्रुव सिंह (22) और सुकृत शर्मा (27) ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दी। इसके बाद आर्यवर्त शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 62 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 67 रन बनाए। अरशद धीमान ने 21 और सोहम ने 20 रन का योगदान दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय से महमूद खान ने दो विकेट चटकाए।

SWATANTRA BHARAT

सेमीफाइनल में थमी, एलयू की चुनौती

हिमाचल ने पांच विकेट से हराया, दिल्ली विश्वविद्यालय भी फाइनल में

स्वतंत्र भारत लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ जोन पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत आज विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक प्रांगण में खेले जा रहे सेमीफाइनल मुकाबले का उद्घाटन राधा मोहन दास अग्रवाल ने किया। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन के मार्शल प्रैक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी जी ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संरक्षक एवं अध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश सैनी जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों, खेल संस्कृति और खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की जानकारी दी। नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय ने सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को कड़ी चुनौती दी, लेकिन टीम खिताबी मुकाबले में जगह बनाने से चूक गई।



एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने पांच विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। एलयू की ओर से सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने शानदार अर्धशतक लगाया, लेकिन उनकी यह पारी टीम को जीत नहीं दिला सकी। दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली विश्वविद्यालय ने सुमित चिकारा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को आठ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में सात विकेट पर 167 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी करते हुए 70 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अर्पित साहू ने 34 गेंदों पर 32 रन बनाए, जबकि आयुष सिंह 21 रन बनाकर नाबाद रहे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से रोहित ठाकुर, राजीव और अरशद धीमान ने दो-दो विकेट हासिल किए। जवाब में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने 25.5 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। ध्रुव सिंह (22) और सुकृत शर्मा (27) ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दी। इसके बाद आर्यवर्त शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 62 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 67 रन बनाए। अरशद धीमान ने 21 और सोहम ने 20 रन का योगदान दिया। लखनऊ विश्वविद्यालय से महमूद खान ने दो विकेट चटकाए। आरएसजी क्रिकेट स्टेडियम, अलीगंज में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को आठ विकेट से पराजित किया।

AMRIT VICHAR

विश्वविद्यालयों का हुआ मूल्यांकन

लखनऊ, अमृत, विचार : केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी ''प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान'' (पीएम-उषा) की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में संपन्न हुई। लविवि के पीएम-उषा संयोजक प्रो. अनूप कुमार भारतीय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग और प्रदेश के 10 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों एवं संयोजकों ने भाग लिया। समीक्षा दल में शिक्षा मंत्रालय के सेक्शन ऑफिसर अमित सिंह, सीनियर कंसल्टेंट अनन्या पटनायक तथा उच्च शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर पीयूष चन्द्र मिश्रा शामिल रहे।

AMRIT VICHAR

हिमाचल से हारकर लविवि बाहर

मेजबान टीम को पांच विकेट से हराया, चंडीगढ़ ने दिल्ली पर दर्ज की आठ विकेट से जीत

इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बना ली। मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय ने हिमाचल को कड़ी टक्कर दी, लेकिन पांच विकेट से हार के साथ उसका खिताबी सफर थम गया। दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को आठ विकेट से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया।

एलयू के परांजपे क्रिकेट मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने निर्धारित 30 ओवर में सात विकेट पर 167 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 70 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 55 रन की जिम्मेदार पारी खेली। अर्पित साहू ने 34 गेंदों पर 32 रन बनाए, जबकि आयुष सिंह 21 रन बनाकर नाबाद रहे। हिमाचल की ओर से रोहित ठाकुर, राजीव और अरशद धीमान ने दो-दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की टीम ने 25.5 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। ध्रुव सिंह (22) और सुकृत शर्मा (27) ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दी। इसके बाद आर्यवर्त शर्मा ने 62 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 67 रन की शानदार पारी खेलकर जीत की राह आसान की। अरशद धीमान ने 21 और सोहम ने 20 रन का योगदान दिया। एलयू की ओर से महमूद खान ने दो विकेट हासिल किए।

आरएसजी क्रिकेट स्टेडियम, अलीगंज में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली विश्वविद्यालय ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को आठ विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की टीम 20.5 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। अभिषेक सिंह ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। कार्तिक शर्मा ने 17, हर्षदीप सिंह ने 16 और रितिक संधू ने 15 रन जोड़े। दिल्ली की ओर से उधव मोहन, शुभम दुबे, मनन भारद्वाज, रौनक और सुमित चिकारा ने दो-दो विकेट लेकर चंडीगढ़ की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। जवाब में दिल्ली विश्वविद्यालय ने 15.1 ओवर में दो विकेट खोकर 118 रन बनाते हुए आसान जीत दर्ज की।

सुमित चिकारा ने 49 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 50 रन बनाए। वहीं अश्विनी जे छिल्लर ने महज 16 गेंदों पर छह चौके और दो छक्के जड़ते हुए 39 रन की विस्फोटक पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े।

सात्विक पाल 24 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि श्रेष्ठ पी यादव एक रन पर नाबाद लौटे। चंडीगढ़ की ओर से अरमान वाधवा और चिराज सिंह ने एक-एक विकेट लिया।

गुजरात 206 रन पर ढेर, उत्तर प्रदेश ने भी 78 रन पर गंवा दिए पांच विकेट

■ **लखनऊ,अमृत विचार :** स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड पर गुरुवार से शुरू हुए कूच बिहार ट्रॉफी (अंडर-19) एलीट-बी मुकाबले के पहले दिन गेंदबाजों का दबदबा रहा। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम ने गुजरात की पहली पारी 53.4 ओवर में 206 रनों पर समेट दी। जवाब में दिन का खेल समाप्त होने तक उत्तर प्रदेश ने 24 ओवर में 78 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। इस तरह पहली पारी में यूपी की टीम अभी गुजरात से 128 रन पीछे है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत ठीक रही, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। वेद पटेल ने 58 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 54 रन बनाकर पारी को संभाला। वहीं, सलामी बल्लेबाज निहाल पटेल ने 40 और दैविक सिंह ने 44 रनों का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश की ओर से अयान अकरम और प्रवन सिंह ने तीन-तीन विकेट लेकर गुजरात की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। आशीष बलियान ने दो, जबकि भावी शर्मा ने एक विकेट हासिल किया। 206 रनों के लक्ष्य के जवाब में उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने महज 23 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद अनमोल नौशरन ने 54 गेंदों पर 26 रन और यश व्यास ने 46 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया। हालांकि, 76 रन के कुल स्कोर तक यूपी के पांच बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। स्टंप्स के समय प्रवन सिंह दो रन बनाकर यश व्यास के साथ क्रीज पर मौजूद थे। गुजरात की ओर से निहाल पटेल ने 18 रन देकर दो विकेट झटके। दैविक शाह, कृतज्ञ शर्मा और केवल ए. पटेल को एक-एक सफलता मिली।